ont>

Title: Need to start work on Dausa – Gangapur rail line in Rajasthan and also to sanction new rail line between Gangapur and Dholpur via Karauli- Laid.

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर): उपाध्यक्ष महोदय, यातायात की सुगमता ही विकास की धुरी होती है। राजस्थान भौगोलिक दृटि से रेतीलें टीलों, दुर्गम पहाड़ों, जंगलों का प्रांत है। यहां की रंग रंगीली संस्कृति एवं पयर्टक स्थलों ने देश और विदेशी पर्यटकों को आकर्ति किया है। ऐसे में रेल यातायात अति महत्वपूर्ण सुविधा रेल मंत्रालय द्वारा दी जा रही है। दौसा, गंगापुर रेल लाईन का बजट सत्र 2001-2002 में 15 करोड़ रूपया दिया गया था। यह एक अति महत्वपूर्ण रेल मार्ग है और इसका कार्य अतिशीघ्र किया जाना अति आवश्यक है। साथ ही गंगापुर-करौली, धौलपुर रेल मार्ग को शीघ्र स्वीकृत किया जाये ताकि भारतीय रेल स्वर्णिम ट्रैक पर्यटन एवं खनिज सम्पदा को प्रोत्साहित किया जा सके। इस क्षेत्र में केला देवी का बारहमासी मेला लगता है, जिसमें लाखों भक्त आते हैं, उन्हें आने जाने में काफी असुविधा होती है। इन क्षेत्रों में रेल सुविधा होने से यात्रियों को लाभ तथा क्षेत्र के विकास के साथ साथ रेलवे को भी इससे आय प्राप्त होगी।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहती हूं कि दौसा-गंगापुर रेलवे लाईन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाये और गंगापुर-करौली-धौलपुर रेल मार्ग को शीघ्र स्वीकृत करने के आदेश पारित करने का कट करें।